>

Title: Regarding shortage of chemical fertilizers in the country particularly in Chhattisgarh State.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं पूरे देश में रासायनिक खाद की कमी की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वर्षा ऋतु चल रही है इसलिए खेतों में धान की बुवाई, रुपाई आदि सभी कार्य हो चुके हैं। किसानों ने अपने खेतों में सुपरफास्फेट आदि खाद डाल दी है, लेकिन यूरिया, ग्रोमोर खाद की काफी कमी है। अन्य राज्यों में और विशेषकर छत्तीसगढ़ में इस कमी के कारण लहराती हुई फसल का उत्पादन नहीं हो पाएगा। देश उत्पादन बढ़ाना चाहता है। किसान एक हेक्टेयर में 36 क्विंटल उत्पादन करना चाहते हैं, किन्तु कई राज्यों और विशेषकर छत्तीसगढ़ में यूरिया, ग्रोमोर और पोटाश खाद नहीं भेजी जा रही है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसकी अधिक मात्रा में सप्लाई इन राज्यों में की जाए, जिससे किसानों को समय पर रासायनिक खाद मिल सके, जिसे वे अपने खेत में डालकर अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकें।

MR. SPEAKER: Shri Haribhau Jawale, your name will be associated with this matter.

श्री हरिभाऊ जावले (जलगांव): अध्यक्ष महोदय, मुझे केवल एक मिनट का समय दे दें।

अध्यक्ष महोदय: आप नए सदस्य हैं, ठीक है आप बोलिए।

श्री हरिभाऊ जावले : अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। महाराष्ट्र में जलगांव मेरा संसदीय क्षेत्र है। पूरे देश में बनाना की फसल वहां सबसे ज्यादा होती है, लेकिन बनाना की फसल के लिए पोटाश खाद नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से फसल क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। अगर ऐसा हुआ तो उस जिले को 100 करोड़ रुपए का नुकसान हो जाएगा। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जलगांव जिले में पोटाश की सप्लाई की जाए और उसकी मात्रा भी बढ़ाई जाए।

MR. SPEAKER: I compliment you on raising this issue in the House. Thank you.